www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** मयंक ने ₹22,500 में एक रिफर्बिश्ड लैपटॉप खरीदा और उसकी मरम्मत पर ₹1,000 खर्च किए। अगर वह इसे अपने दोस्त मिथुन को ₹30,000 में बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) कितना होगा?

**Ans**
✔ 1. 27.66%
✘ 2. 27%
✘ 3. 26.85%
✘ 4. 25%

**Q.2** एक पाइप एक टंकी को 6 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans**
✘ 1. 24
✔ 2. 8
✘ 3. 32
✘ 4. 16

**Q.3** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[\left(\frac{3}{9}\right)^{-9} \times \left(\frac{9}{3}\right)^{-6} \times \left(\frac{1}{8}\right)^{-3}\right]^{-5}$$

**Ans**
✘ 1. $\left(\frac{5}{72}\right)^{14}$
✘ 2. $\left(\frac{72}{3}\right)^{17}$
✘ 3. $\left(\frac{3}{82}\right)^{15}$
✔ 4. $\left(\frac{3}{72}\right)^{15}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.4 एक पाइप एक टंकी को 3 घंटे में भर सकता है। तली में रिसाव (leak at the bottom) के कारण, यह 5 घंटे में भरती है। जब टंकी पूर्णतः भर जाती है, तो रिसाव के कारण इसे खाली होने में कितना समय लगेगा?

Ans
1. 6 घंटे
2. 7.5 घंटे ✔
3. 8.5 घंटे
4. 10 घंटे

Q.5 एक व्यक्ति एक यात्रा 28 घंटे में पूरी कर सकता है। वह यात्रा का पहला एक-तिहाई भाग 81 km/h की चाल से और शेष दूरी 27 km/h की चाल से तय करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी (km में) कितनी है?

Ans
1. 972 ✔
2. 979
3. 981
4. 982

Q.6 ₹10,000 पर 8% वार्षिक दर से 1.5 वर्ष के वार्षिक रूप से तथा अर्धवार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज में कितना अंतर है?

Ans
1. ₹10.06
2. ₹61.64
3. ₹16.64 ✔
4. ₹6.64

Q.7 तीन साझेदारों ने एक व्यवसाय में 6 : 2 : 9 के अनुपात में निवेश किया। उन्होंने अपनी पूंजी क्रमशः 2 माह, 10 माह और 5 माह के लिए निवेश की। उनके लाभों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15:20:45
2. 11:20:45
3. 13:20:45
4. 12:20:45 ✔

Q.8 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹4080 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
1. 2720
2. 340
3. 680 ✔
4. 1360

Q.9 15% और 7% की क्रमिक छूट, ____________ की एकल छूट के बराबर है।

Ans
1. 23.05%
2. 20.95% ✔
3. 22%
4. 11%

Q.10 $\frac{36}{25}, \frac{42}{125}, \frac{54}{55}$ का ल.स.प. ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $151\frac{3}{5}$
2. $151\frac{4}{5}$
3. $151\frac{1}{5}$ ✔
4. $151\frac{2}{5}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.11** एक चादर की लंबाई 148 इंच और चौड़ाई 104 इंच है। चादर के चारों ओर लेस लगाने के लिए कितने फीते की आवश्यकता होगी?

Ans
✗ 1. 548 इंच
✓ 2. 504 इंच
✗ 3. 480 इंच
✗ 4. 495 इंच

**Q.12** सात अंकों की एक संख्या 77 से विभाज्य है। यदि इस संख्या में 91 जोड़ दिया जाए, तो परिणामी संख्या सदैव निम्नलिखित में से किस संख्या से विभाज्य होगी?

Ans
✓ 1. 7
✗ 2. 77
✗ 3. 91
✗ 4. 13

**Q.13** अनवर ने एक दुकान से ₹1130 में 52 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹925 में 47 किताबें खरीदीं। प्रति किताब के लिए उसके द्वारा भुगतान किया गया औसत मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
✓ 1. 20.76
✗ 2. 21.76
✗ 3. 23.76
✗ 4. 22.76

**Q.14** पेट्रोल के कर पर 5% की वृद्धि की जाती है, लेकिन उसकी खपत 5% कम हो जाती है। धनराशि के व्यय में वृद्धि या कमी ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 0.25% कमी
✗ 2. कोई परिवर्तन नहीं
✗ 3. 5% वृद्धि
✗ 4. 0.25% वृद्धि

**Q.15** एक बाइक एक सेकंड में 46 मीटर चलती है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 173.2
✗ 2. 176.4
✗ 3. 160.1
✓ 4. 165.6

**Q.16** एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की वर्तमान कीमत ₹124645 है। एक वर्ष बाद इसकी कीमत बढ़कर ₹141449 हो जाती है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की कीमत में प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) कितनी है?

Ans
✗ 1. 18
✗ 2. 9
✓ 3. 13
✗ 4. 12

**Q.17** 24 cm व्यास और 168 cm लंबाई वाले एक धातु के बेलन को पिघलाकर 9 cm × 11 cm × 1 cm आयामों वाली घनाभ आकार की धात्विक वस्तु बनाई जाती है। इस प्रकार बनी घनाभ आकार की धात्विक वस्तुओं की संख्या क्या है?

($\pi = \frac{22}{7}$ प्रयोग कीजिए)

Ans
✗ 1. 678
✓ 2. 768
✗ 3. 657
✗ 4. 867

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.18 एक व्यक्ति स्थिर जल में 9.5 km/h की चाल से नाव चला सकता है। उसने यह पाया की उसे धारा की दिशा में एक निश्चित दूरी तय करने में जितना समय लगता है, धारा की विपरीत दिशा में उसी निश्चित दूरी को तय करने में उसे दोगुना समय लगता है। धारा की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $3\frac{1}{6}$ ✔
2. $4\frac{1}{3}$ ✗
3. $5\frac{1}{3}$ ✗
4. $2\frac{1}{6}$ ✗

Q.19 77 लीटर के मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 6 : 5 है। इस अनुपात को 1 : 1 बनाने के लिए मिश्रण में पानी की कितनी मात्रा (लीटर में) मिलानी होगी?

Ans
1. 17 ✗
2. 5 ✗
3. 4 ✗
4. 7 ✔

Q.20 यदि n = 75 है, तो $\left(1-\frac{1}{n}\right)+\left(1-\frac{2}{n}\right)+\left(1-\frac{3}{n}\right)+\ldots\ldots\ldots+(50 \text{ पद})$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 23 ✗
2. 33 ✔
3. 13 ✗
4. 43 ✗

Q.21 दो मित्रों निर्मल और राकेश की मासिक आय क्रमशः 5 : 7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹90000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 4 है, तो निर्मल की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 210000 ✗
2. 150000 ✔
3. 149000 ✗
4. 151000 ✗

Q.22 प्रथम 137 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 139 ✗
2. 138.5 ✗
3. 138 ✔
4. 137.5 ✗

Q.23 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:

$$\sqrt{121}+\sqrt{0.0324}-\sqrt{9}=$$

Ans
1. 11.08 ✗
2. 8.18 ✔
3. 6.53 ✗
4. 2.99 ✗

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.24 पॉल ने एक निजी बैंक में, तीन वर्षों के लिए वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 20% चक्रवृद्धि ब्याज पर ₹41,375 जमा किए। पॉल को कुल कितना ब्याज (₹ में) प्राप्त हुआ?

Ans
1. 30,121 ✔
2. 29,291 ✘
3. 30,212 ✘
4. 30,512 ✘

Q.25 8 संख्याओं का योगफल 876 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 110.5 ✘
2. 109.5 ✔
3. 108.5 ✘
4. 107.5 ✘

Q.26 यदि एक घनाभ की लंबाई 44 cm, चौड़ाई 5 cm और आयतन 1980 $cm^3$ है, तो घनाभ की ऊंचाई (cm में) ज्ञात करें।

Ans
1. 2 ✘
2. 4 ✘
3. 9 ✔
4. 14 ✘

Q.27 एक व्यापारी अपने माल का मूल्य, क्रय मूल्य से 55% अधिक अंकित करता है और 20% छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24% ✔
2. 34% ✘
3. 35% ✘
4. 25% ✘

Q.28 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें से 5 घटाने पर वह 16, 18, 24 और 26 से विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 1887 ✘
2. 1872 ✘
3. 1877 ✔
4. 1879 ✘

Q.29 P एक वस्तु Q को 25% के लाभ पर बेचता है। Q समान वस्तु R को 56% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹2783 का भुगतान किया, तो P ने वस्तु किस मूल्य (₹ में) पर खरीदी?

Ans
1. 5059 ✘
2. 5057 ✘
3. 5058 ✘
4. 5060 ✔

Q.30 एक कार पहले घंटे में 167 km और दूसरे घंटे में 127 km की यात्रा करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 142 ✘
2. 147 ✔
3. 145 ✘
4. 146 ✘

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.31 सरल करें:

$3 x \left(2 x (1^2)\right) \div 12 + 60 - 23$

Ans
1. $\frac{450}{12}$ ✔
2. $\frac{455}{12}$ ✘
3. $\frac{440}{12}$ ✘
4. $\frac{449}{12}$ ✘

Q.32 यदि (x + y) : (y + z) : (z + x) = 3 : 5 : 4 और (x + y + z) = 8 है, तो z का मान _____ है।

Ans
1. 5 ✘
2. 8 ✘
3. 4 ✔
4. 6 ✘

Q.33 एक केमिस्ट के पास एल्कोहल और जल के दो विलयन हैं। विलयन A में 70% एल्कोहल है, और विलयन B में 30% एल्कोहल है। 50% एल्कोहल वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे उन विलयनों को किस अनुपात में मिश्रित करना चाहिए?

Ans
1. 1 : 2 ✘
2. 2 : 1 ✘
3. 1 : 3 ✘
4. 1 : 1 ✔

Q.34 4 पुरुष किसी कार्य को 14 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 4 महिलाएं उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 5 महिलाएं और 7 पुरुष इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 2 दिन ✘
2. 8 दिन ✘
3. 4 दिन ✔
4. 3 दिन ✘

Q.35 $\left(\frac{1}{2} \times \frac{8}{3}\right) - \left(\frac{1}{4} \times \frac{12}{9}\right)$ को सरलीकृत कीजिए।

Ans
1. 3 ✘
2. 1 ✔
3. $\frac{5}{3}$ ✘
4. $\frac{2}{3}$ ✘

Section : **General Intelligence and Reasoning**


Q.36 निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर समूह में व्यंजन/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर अधारित नहीं है।)

Ans
1. MY - WH ✘
2. NS - XE ✔
3. BN - LW ✘
4. RD - BM ✘

www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.37 जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार, MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans


✓ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✗ 4.



Q.38 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 421 137 675 862 517 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं किए जानी हैं।)

यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans

✗ 1. 1

✓ 2. 0

✗ 3. 2

✗ 4. 3

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.39 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी अंगूर, हैंडल हैं।
सभी अंगूर, पाइप हैं।
कुछ पाइप, जार हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ जार, अंगूर हैं।
(II) : कुछ पाइप, हैंडल हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.40 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) # $ 7 3 5 4 @ % & 6 8 Ω 9 1 * £ + 2 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

Ans
✗ 1. 4
✓ 2. 3
✗ 3. 5
✗ 4. 2

Q.41 छह व्यक्ति P, Q, R, S, T और U एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और S दोनों का निकटतम पड़ोसी T है। P, R के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। S, R के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। P के दाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. S
✓ 2. T
✗ 3. R
✗ 4. U

Q.42 उस त्रिक का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LT-OW-QS
NV-QY-SU

Ans
✗ 1. JR-MU-OR
✗ 2. IR-MV-OR
✗ 3. IR-MU-OR
✓ 4. JR-MU-OQ

Q.43 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TVN QSK NPH KME ?

Ans
✓ 1. HJB
✗ 2. HIC
✗ 3. HJC
✗ 4. HIB

www.prepp.in
Your Personal Exams Guide

Q.44 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
सभी बादाम, नींबू हैं।
सभी खरगोश, नींबू हैं।
सभी पुदीने, नींबू हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ पुदीने, बादाम हैं।
(II): कुछ खरगोश, पुदीने हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.45 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TRUE' को '6713' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'URGE' को '3746' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 3
✗ 3. 6
✓ 4. 4

Q.46 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

27 29 35 45 59 ?

Ans
✗ 1. 90
✗ 2. 84
✓ 3. 77
✗ 4. 80

Q.47 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
63 × 7 + 9 ÷ 55 – 12 = ?

Ans
✗ 1. 650
✗ 2. 680
✓ 3. 660
✗ 4. 670

Q.48 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A : B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A < B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।

यदि 'D + E : F < G × H' है, तो D का H से क्या सबंध है?

Ans
✓ 1. माता की माता
✗ 2. माता का पुत्र
✗ 3. माता का भाई
✗ 4. माता की पुत्री

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'shoes are big' को 'tk jb zc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'are you going' को 'zc mb tk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'are' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
✓ 1. tk
✗ 2. zc
✗ 3. mb
✗ 4. jb

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.50 P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनने पर, U और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q और V के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S के दाईं ओर से गिनने पर, V और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 4
2. 2
3. 3
4. 1

Q.51 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ पंख, उंगलियां हैं।
सभी धब्बे, चाबियाँ हैं।
कोई भी उंगलियां, धब्बे नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चाबियाँ, उंगलियां नहीं हैं।
(II) कुछ पंख, धब्बे नहीं हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.52 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

80 83 89 98 110 ?

Ans
1. 121
2. 123
3. 127
4. 125

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

934 930 925 919 912 ?

Ans
1. 906
2. 905
3. 903
4. 904

Q.54 सात बॉक्स D, E, F, H, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। J के ऊपर केवल K को रखा गया है। J और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। D के नीचे केवल E को रखा गया है। I को F के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। H और E के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. तीन
2. दो
3. एक
4. चार

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.55 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

9 - 11
3 - 5


Ans
✔ 1. 53 - 55
✘ 2. 98 - 101
✘ 3. 123 - 126
✘ 4. 72 - 74

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.56 विकल्पों में दी गई उस आकृति को पहचानें जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तर्कसंगत रूप से पूरी हो जाएगी।





Ans


✔ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✗ 4.



Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GBMK एक निश्चित तरीके से RKXT से संबंधित है। YLEU उसी निश्चित तरीके से JUPD से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से FMLV किससे संबंधित है?

Ans

✔ 1. QVWE

✗ 2. QWEV

✗ 3. QVEW

✗ 4. QWVE

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.58 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

ORV 53 XAE 46 GJN 39 PSW 32 ?

Ans
1. YCE 25
2. ZCE 24
3. ZBF 24
4. YBF 25

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'P – Q ÷ R + S × T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी के पिता के पिता
2. पत्नी की माता के भाई
3. पत्नी के पिता के भाई
4. पत्नी की माता के पिता

Q.60 अशोक, बिंदु M से गाड़ी चलाना शुरु करता है और पूर्व की ओर 9 km चलता है। वह फिर दाएँ मुड़ता है और 11 km चलता है तथा वह फिर से दाएँ मुड़ता है और 3 km चलता है। वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 7 km चलता है। अंत में, वह बाएँ मुड़ता है और 6 km चलता है तथा बिंदु N पर रुकता है। फिर से बिंदु M पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना चाहिए?

Ans
1. 4 km उत्तर की ओर
2. 5 km उत्तर की ओर
3. 7 km उत्तर की ओर
4. 4 km दक्षिण की ओर

Q.61 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
108 ÷ 108 × 36 − 15 + 69 = ?

Ans
1. 81
2. 82
3. 83
4. 84

Q.62 सभी 41 लड़कियां उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़ी हैं। नमिता बाएं छोर से 13वें स्थान पर है, जबकि शिवांगी दाएं छोर से 19वें स्थान पर है। नमिता और शिवांगी के बीच कितनी लड़कियां हैं?

Ans
1. 8
2. 7
3. 9
4. 10

Q.63 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं और गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)।

(बाएं) 7 3 5 1 6 2 8 9 2 5 6 6 1 8 3 5 8 4 6 5 7 6 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक भी है?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक भी नहीं
4. एक

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LTO NQL PNI RKF ?

Ans
1. TIB
2. THB
3. THC ✔
4. TIC

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. ACE ✔
2. SVY
3. DGJ
4. PSV

Q.66 छह विद्यार्थी P, Q, R, S, T और U एक गोल-मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T, Q के ठीक दाईं ओर पड़ोस में और U के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। U और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। P, Q के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। S के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. R ✔
2. Q
3. U
4. T

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में, 'all men are God' को 'in it pi ri' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'God lives everywhere' को 'ti it fi' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'God' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. in
2. it ✔
3. fi
4. ti

Q.68 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए और '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या मान आएगा?

25 ÷ 3 + 10 × 5 − 6 = ?

Ans
1. 50
2. 79 ✔
3. 75
4. 80

Q.69 मयंक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 4 km पूर्व की ओर
2. 3 km पश्चिम की ओर
3. 3 km पूर्व की ओर
4. 4 km पश्चिम की ओर ✔

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JL - MO - PR
EG - HJ - KM

Ans
✗ 1. DE - FH - LM
✗ 2. TU - XY - AB
✓ 3. SU - VX - YA
✗ 4. EG - HI - LO

Section : **General Awareness**

Q.71 18-19 नवंबर 2024 तक, G20 शिखर सम्मेलन या 20 नेताओं के समूह का शिखर सम्मेलन (Group of 20 Leaders' Summit) कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
✗ 1. नई दिल्ली
✗ 2. मेलबर्न
✓ 3. रियो डि जेनेरियो
✗ 4. पेरिस

Q.72 ऐस्कॉर्बिक अम्ल (ascorbic acid) अत्यधिक मात्रा में किसमें पाया जाता है?

Ans
✗ 1. दूध
✗ 2. सिरका
✓ 3. संतरे
✗ 4. पालक

Q.73 1968 में, दिवंगत भारतीय संगीतज्ञ पंडित रविशंकर 'बेस्ट चैम्बर म्यूजिक परफॉरमेंस' (Best Chamber Music Performance) श्रेणी में निम्नलिखित में से किस संगीत एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बने?

Ans
✗ 1. द कॉन्सर्ट फॉर बांग्लादेश (The Concert for Bangladesh)
✓ 2. वेस्ट मीट्स ईस्ट (West Meets East)
✗ 3. द लिविंग रूम सेशन (The Living Room Sessions)
✗ 4. फुल सर्कल: कार्नेगी हॉल 2000 (Full Circle: Carnegie Hall 2000)

Q.74 वह प्रथम शासक कौन था जिसने शिलालेखों के माध्यम से अपना संदेश जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया?

Ans
✗ 1. चंद्रगुप्त मौर्य
✓ 2. अशोक
✗ 3. संप्रति
✗ 4. दशरथ मौर्य

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के उत्तर से निकलने वाली पूर्ववर्ती नदी है, जहां पर इसकी मुख्य धारा, अरुण का उद्गम है?

Ans
✗ 1. गोमती
✓ 2. कोसी
✗ 3. सोन
✗ 4. गंडक

Q.76 सितंबर 2024 में, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने स्वास्थ्य सेवा में AI के लिए डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के विकास हेतु किस संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
✗ 1. आईआईटी बॉम्बे
✗ 2. आईआईटी मद्रास
✓ 3. आईआईटी कानपुर
✗ 4. आईआईटी दिल्ली

www.prepp.in

Q.77 1857 के विद्रोह में शामिल निम्नलिखित में से किस नायक का संबंध मेरठ से था?

Ans
1. मान सिंह
2. कदम सिंह
3. नाना साहब
4. कुंवर सिंह

Q.78 परमाणु की संरचना का पहला मॉडल ____________ था।

Ans
1. परमाणु का श्रोडिंगर तरंग मॉडल
2. परमाणु का बोर मॉडल
3. जेजे थॉमसन द्वारा दिया गया परमाणु का प्लम पुडिंग मॉडल
4. रदरफोर्ड द्वारा दिया गया परमाणु का ग्रहीय मॉडल

Q.79 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में किस राज्य का लिंगानुपात सबसे अधिक है?

Ans
1. तमिलनाडु
2. हरियाणा
3. केरल
4. राजस्थान

Q.80 भारत की सबसे बड़ी खारे पानी की झील, चिल्का झील, किस राज्य में स्थित है?

Ans
1. ओडिशा
2. आंध्र प्रदेश
3. केरल
4. तमिलनाडु

Q.81 महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन किस कालावधि में किया गया था?

Ans
1. 1930-34
2. 1932-36
3. 1929-33
4. 1925-29

Q.82 SBI ने वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही (Q3 FY24) में, निम्नलिखित में से किस एकमुश्त प्रावधान के कारण अपने निवल लाभ में गिरावट देखी थी?

Ans
1. ब्याज दर में परिवर्तन
2. CASA अनुपात में कमी
3. पेंशन देयताएं
4. ऋण हानि प्रावधान

Q.83 राष्ट्रीय विस्तार योजना आरंभ में _________ वर्षों की अवधि के लिए शुरू की गई थी।

Ans
1. पांच
2. चार
3. दो
4. तीन

Q.84 ऋग्वेद में 1028 सूक्तों (hymns) को संकलित किया गया है जिन्हें _______मंडलों में वर्गीकृत किया गया है।

Ans
1. 15
2. 12
3. 8
4. 10

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.85 अक्टूबर 2024 में, 6वीं भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans
1. सिंगापुर
2. चंडीगढ़
3. नई दिल्ली
4. मुंबई

Q.86 2024 में विमोचित 'द साइंटिस्ट इंटरप्रेन्योर: एम्पॉवरिंग मिलियंस ऑफ़ विमेन' किस भारतीय कार्यकर्ता की आत्मकथा है?

Ans
1. स्वाति मालीवाल
2. मानसी प्रधान
3. कल्पना शंकर
4. सुनीता कृष्णन

Q.87 मार्च 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय बैंकों के लिए सकल गैर-निष्पादक आस्तियों (GNPA) और निवल गैर-निष्पादक आस्तियों (NNPA) का अनुपात क्या था?

Ans
1. 4.5% और 1.8%
2. 3.1% और 1.2%
3. 2.8% और 0.6%
4. 5.0% और 2.5%

Q.88 26 नवंबर 2024 को सी.आई.आई .वित्तीय समावेशन (CII Financial Inclusion) और फिनटेक शिखर सम्मेलन में वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के सचिव एम.नागराजू (M Nagaraju) ने फिनटेक कंपनियों के लिए सरकार का लक्ष्य क्या बताया है?

Ans
1. फिनटेक कंपनी की वृद्धि को प्रतिबंधित करना
2. विनियामक अनुपालन के साथ फिनटेक नवाचार को संतुलित करना
3. फिनटेक पर विनियामक दायित्वता को बढ़ाना
4. विनियमनों के बजाय फिनटेक नवाचार को प्राथमिकता देना

Q.89 आर्थिक वृद्धि और आर्थिक विकास के बीच मुख्य अंतर क्या है?

Ans
1. आर्थिक वृद्धि व्यापक है और विकास इसके अंतर्गत शामिल होता है।
2. आर्थिक वृद्धि उत्पादन में वृद्धि को संदर्भित करती है, जबकि विकास में सामाजिक प्रगति शामिल होती है।
3. आर्थिक विकास केवल निर्यात को मापता है।
4. आर्थिक विकास मात्रा पर केंद्रित होता है, जबकि वृद्धि गुणवत्ता पर केंद्रित होती है।

Q.90 निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा ब्रिटिश भारत में सिविल सेवकों की भर्ती के लिए एक लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान किया गया था?

Ans
1. भारत सरकार अधिनियम, 1909
2. भारत सरकार अधिनियम, 1919
3. भारत सरकार अधिनियम, 1929
4. भारत सरकार अधिनियम, 1935

Q.91 किस संवैधानिक संशोधन द्वारा अनुच्छेद 217(3) में "या सर्वोच्च न्यायालय" शब्द जोड़े गए, जिससे राष्ट्रपति को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की आयु के निर्धारण में भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करने की शक्ति प्रदान की गयी?

Ans
1. 15वां संशोधन
2. 7वां संशोधन
3. 44वां संशोधन
4. 24वां संशोधन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.92 किस प्रमुख शहर की हार (fall) 1857 के विद्रोह का प्रतीकात्मक अंत था?

Ans
1. कलकत्ता
2. बॉम्बे
3. मद्रास
4. दिल्ली

Q.93 सर्वोच्च न्यायालय के किस मामले ने भारतीय संवैधानिक कानून में 'मूल संरचना' सिद्धांत पेश किया?

Ans
1. केशवानंद भारती केस 1973
2. मिनर्वा मिल्स केस 1980
3. शंकरी प्रसाद केस 1951
4. गोलकनाथ केस 1967

Q.94 भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में किसे जाना जाता है?

Ans
1. जवाहरलाल नेहरू (Jawaharlal Nehru)
2. एम.एस.स्वामीनाथन (MS Swaminathan)
3. वर्गीज़ कुरियन (Verghese Kurien)
4. नॉर्मन बोरलॉग (Norman Borlaug)

Q.95 28 अगस्त 2024 को, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा ओलंपिक ऑर्डर निम्नलिखित में से किसे प्रदान किया गया था?

Ans
1. स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ (Pedro Sánchez)
2. ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति, डॉ. एलेक्जेंडर वान डेर बेलेन (Dr. Alexander Van der Bellen)
3. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron)
4. जर्मनी के राष्ट्रपति, फ्रैंक-वॉल्टर स्टीनमीयर (Frank-Walter Steinmeier)

Q.96 वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (Q2 FY25) में एचडीएफसी (HDFC) बैंक की निवल ब्याज आय (NII) कितनी थी?

Ans
1. ₹3,310 करोड़
2. ₹29,837 करोड़
3. ₹2,700 करोड़
4. ₹30,110 करोड़

Q.97 भारत में औपनिवेशिक सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों का प्राथमिक फोकस क्या था?

Ans
1. स्वदेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन
2. राष्ट्रीय और प्रति व्यक्ति आय का सटीक अनुमान लगाना
3. कृषि और स्थानीय उद्योगों का विकास
4. ब्रिटेन के आर्थिक हितों की सुरक्षा और संवर्धन

Q.98 निम्नलिखित में से किस भवन/वास्तुकला का उपयोग मुख्यतः बौद्ध भिक्षुओं के आवासीय उद्देश्य के लिए किया गया था?

Ans
1. स्तूप
2. चैत्य
3. स्तंभ
4. विहार

Q.99 आनुवंशिकी और वंशानुक्रम पर पहला वैज्ञानिक प्रयोग उन्नीसवीं सदी के मध्य में किया गया था। मटर पर ये संकरण प्रयोग किसने किए?

Ans
1. दिमित्री मेंडेलीव (Dmitri Mendeleev)
2. जेम्स वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक (James Watson and Francis Crick)
3. रोज़ालिंड फ्रैंकलिन (Rosalind Franklin)
4. ग्रेगर मेंडल (Gregor Mendel)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.100 तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का पुत्र कौन है, जिसे सितंबर 2024 में राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है?

Ans
✗ 1. रामनिधि स्टालिन
✗ 2. दयानिधि स्टालिन
✗ 3. विजयनिधि स्टालिन
✓ 4. उदयनिधि स्टालिन

Q.101 भारतीय तटरक्षक बल के नेशनल मैरिटाइम सर्च एंड रेस्क्यू एक्सरसाइज एंड वर्कशॉप (SAREX-24) का 11वां संस्करण _____ में आयोजित किया जाएगा।

Ans
✗ 1. चेन्नई
✗ 2. विशाखापत्तनम
✗ 3. मुम्बई
✓ 4. कोच्चि

Q.102 भारत के स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में, चरमपंथियों का लक्ष्य निम्नलिखित में से क्या नहीं था?

Ans
✗ 1. भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार
✓ 2. ब्रिटिशों के साथ सीधी बातचीत
✗ 3. आर्थिक आत्म-निर्भरता
✗ 4. राजनीतिक स्वतंत्रता

Q.103 यदि वेग और चुंबकीय क्षेत्र सदिश एक दूसरे के लंबवत हैं, तो कणों की गति का पथ __________ है।

Ans
✗ 1. कुंडलिनी
✗ 2. ऋजु
✗ 3. चक्राकार
✓ 4. वृत्ताकार

Q.104 2024 के बजट तक, तस्करी पर अंकुश लगाने और संगठित आभूषण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए सोने पर आयात शुल्क में कितनी कटौती करने का प्रस्ताव रखा गया?

Ans
✗ 1. 12% से 6%
✓ 2. 15% से 6%
✗ 3. 10% से 5%
✗ 4. 15% से 10%

Q.105 राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (NCLAT) किस अधिनियम के तहत गठित किया गया है?

Ans
✗ 1. भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956
✗ 2. एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969
✗ 3. प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002
✓ 4. कंपनी अधिनियम, 2013

Q.106 एक ऊर्ध्वाधर तार से धारा ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। तार के दक्षिण में एक बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा __________ होगी।

Ans
✗ 1. उत्तर की ओर
✗ 2. पश्चिम की ओर
✗ 3. नीचे की ओर
✓ 4. पूर्व की ओर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.107 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, 1947 से 1991 के बीच भारत की आर्थिक रणनीति का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. मुक्त-बाज़ार अर्थव्यवस्था
✓ 2. आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण
✗ 3. निर्यात संवर्धन
✗ 4. उदारीकरण और वैश्वीकरण

Q.108 निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान संशोधन अधिनियम, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत के रूप में निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान करता है?

Ans
✗ 1. 46वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
✓ 2. 42वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
✗ 3. 44वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
✗ 4. 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

Q.109 पृथ्वी पर सबसे अधिक आर्द्र स्थान 'मौसिनराम' किस राज्य में स्थित है?

Ans
✗ 1. केरल
✗ 2. मणिपुर
✓ 3. मेघालय
✗ 4. मिजोरम

Q.110 मानव विकास में लैंगिक समानता की क्या भूमिका है?

Ans
✗ 1. औद्योगिक निर्गत या उत्पादन में वृद्धि करना
✓ 2. समग्र सामाजिक प्रगति में सुधार हेतु संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना
✗ 3. जनसंख्या वृद्धि दर को कम करना
✗ 4. सरकारी व्यय कम करना

Q.111 राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों का उद्देश्य राज्य के लिए किस प्रकार के दिशानिर्देश प्रदान करना है?

Ans
✓ 1. सामाजिक और आर्थिक
✗ 2. कानूनी
✗ 3. राजनीतिक
✗ 4. धार्मिक

Q.112 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा नदी क्षेत्र, जूट उद्योग स्थापित करने के लिए आदर्श स्थान है?

Ans
✗ 1. चंबल
✗ 2. नर्मदा
✓ 3. हुगली
✗ 4. व्यास

Q.113 निम्नलिखित में से किस संशोधन अधिनियम में दो या अधिक राज्यों के लिए एक सामान्य उच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान था?

Ans
✗ 1. दूसरा संशोधन अधिनियम
✓ 2. सातवां संशोधन अधिनियम
✗ 3. तीसरा संशोधन अधिनियम
✗ 4. पाँचवां संशोधन अधिनियम

Q.114 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में, कृषि के आदि रूप (काट एवं दाह कृषि) को 'बेवर' या 'दहिया' कहा जाता है?

Ans
✗ 1. उत्तर प्रदेश
✗ 2. केरल
✗ 3. कर्नाटक
✓ 4. मध्य प्रदेश

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.115 1857 के विद्रोह के दौरान, ग्वालियर में ब्रिटिश प्रतिरोध का नेतृत्व निम्नलिखित में से कौन कर रहा था?

Ans
- ✗ 1. हेनरी लॉरेंस (Henry Lawrence)
- ✗ 2. जॉन निकोलसन (John Nicholson)
- ✗ 3. विलियम टेलर (William Taylor)
- ✓ 4. ह्यूग रोज़ (Hugh Rose)

Q.116 संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य किस राज्य की अनुसूचित जनजातियों में परिवर्तन करना है?

Ans
- ✗ 1. हिमाचल प्रदेश
- ✓ 2. आंध्र प्रदेश
- ✗ 3. तेलंगाना
- ✗ 4. ओडिशा

Q.117 भारत का सबसे उत्तरी बिंदु किस क्षेत्र में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. हिमाचल प्रदेश
- ✗ 2. उत्तराखंड
- ✓ 3. लद्दाख
- ✗ 4. जम्मू

Q.118 आर्थिक सर्वेक्षण 2024 के अनुसार, पीएम-किसान (PM-KISAN) योजना के माध्यम से किसानों को किस प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है?

Ans
- ✓ 1. फसल बीमा
- ✗ 2. उर्वरक सब्सिडी
- ✗ 3. मासिक नकद सहायता
- ✗ 4. निःशुल्क बीज

Q.119 सरल शिखर प्रकार की वास्तुकला में, एक _____ आधार और वक्राकार दीवारें होती हैं।

Ans
- ✓ 1. वर्गाकार
- ✗ 2. वृत्ताकार
- ✗ 3. आयताकार
- ✗ 4. अष्टभुजाकार

Q.120 हड़प्पा सभ्यता का व्यापारिक संबंध निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के साथ था?

Ans
- ✗ 1. रोम
- ✓ 2. मेसोपोटामिया
- ✗ 3. मंगोलिया
- ✗ 4. ग्रीस

Prepp Your Personal Exam Guide